C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में रविवार
सायं 6:17 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में सोमवार
सुबह 6:26 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 233 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | रविवार, 10 मार्च 2024

शैतान का जलवा, आर्टिकल...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### पहाड़ से मैदान तक खिली चटख धूप, बढ़ने लगी गर्मी

देहरादून। उत्तराखंड में अब मौसम में उतार चढ़ाव हो रहा है। दिन में गर्मी तो रात में ठंड परेशान कर रही है। आज रविवार पहाड़ से मैदान तक चटख धूप खिली है। जिससे मौसम में हल्की गर्मी का एहसास हो रहा है। सोमवार को भी प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं।

वहीं, मौसम विभाग की मानें तो इसके बाद 12-13 मार्च को मौसम बदलने से ठंड एक बार फिर लौट आएगी। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया, बीते सप्ताह पर्वतीय इलाकों में हुई बारिश-बर्फबारी का असर हवाओं में दिख रहा है। यही वजह है कि बीते तीन दिन से अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। बताया, 13 मार्च के बाद तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। इसके बाद से ही मैदान से लेकर पहाड़ तक गर्मी बढ़ेगी।

### मार्च के आखिरी हफ्ते से शुरू होगा चारधाम यात्रा का ऑनलाइन पंजीकरण

ऋषिकेश। बदरीनाथ के कपाट 12 मई और केदारनाथ के कपाट 10 मई को खुलेंगे। बोर्ड के सूत्रों की मानें, तो ऋषिकेश ट्रांजिट कैंप और अन्य स्थानों पर 15 अप्रैल से ऑफलाइन पंजीकरण शुरू हो सकते हैं।

बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि घोषित हो चुकी है। गंगोत्री और यमुनोत्री की तिथि अभी बाकी है। ऐसे में पर्यटन विकास परिषद मार्च माह के आखिरी सप्ताह से चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू कर देगा। बदरीनाथ के कपाट 12 मई और केदारनाथ के कपाट 10 मई को खुलेंगे। बोर्ड के सूत्रों की मानें, तो ऋषिकेश ट्रांजिट कैंप और अन्य स्थानों पर 15 अप्रैल से ऑफलाइन पंजीकरण शुरू हो सकते हैं। इसके लिए पर्यटन विकास की एजेंसी को दो दिन ऑफलाइन पंजीकरण का ट्रायल करना है।

# भाजपा में शामिल हुए मनीष खंडूड़ी, बोले- राहुल गांधी अच्छे आदमी

देहरादून
हमारे संवाददाता

मनीष खंडूड़ी ने कहा कि जिस पार्टी को छोड़कर आया हूं, वहां भी अच्छे लोग हैं। उन्होंने हरीश रावत, प्रीतम सिंह, यशपाल आर्य, करण माहरा, रंजीत रावत के नाम लिए। कहा, लेकिन मैंने इस यात्रा में एक चीज सीखी है कि इस देश को और उत्तराखंड को कोई आगे बढ़ा सकता है तो वह भाजपा है। कांग्रेस की सदस्यता से त्यागपत्र देने के बाद गढ़वाल लोकसभा सीट से प्रत्याशी रहे मनीष खंडूड़ी शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। पूर्व सीएम मेजर जनरल बीसी खंडूड़ी (सेनि) के बेटे मनीष को



भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई गई। भाजपा में शामिल होने के बाद मनीष ने कहा, वह निजी स्वार्थ की वजह से भाजपा में नहीं आए। न तो उन्हें किसी पद की चाहत है न ही टिकट की। कहा, मैंने अभी तक की राजनीतिक यात्रा में यह सीखा है कि इस देश और प्रदेश को कोई आगे ले जा सकता है तो वह भाजपा का मंच और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मनीष खंडूड़ी को शुभकामनाएं दीं।

भाजपा महानगर कार्यालय में हुए कार्यक्रम में खंडूड़ी ने कहा, वह निजी स्वार्थ के लिए राजनीति में नहीं आए। राजनीति में इसलिए आया कि मैं देश और उत्तराखंड के लिए कुछ करना चाहता हूं। मेरे सामने पिताजी का उदाहरण था। उनसे प्रेरित होकर मैं राजनीति में आया। गढ़वाल लोस सीट से चुनाव हारने के बाद मैं पूरे क्षेत्र में सक्रिय रहा। गांव-गांव गया, चप्पा-चप्पा छाना।

### मेरे परिवार पर भाजपा का बहुत अहसान

भाजपा में शामिल हुए मनीष खंडूड़ी ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा, राहुल गांधी अच्छे आदमी हैं, लेकिन देश का नेतृत्व कोई कर सकता है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं। कहा, वह जिस पार्टी को छोड़कर आए हैं, वहां भी अच्छे लोग हैं। उन्होंने हरीश रावत, प्रीतम सिंह, यशपाल आर्य, करण माहरा, रंजीत रावत के नाम लिए। कहा, लेकिन मैंने इस यात्रा में एक चीज सीखी है कि इस देश को और उत्तराखंड को कोई आगे बढ़ा सकता है तो वह भाजपा है।

बोले- परिवार के लोग जहां अपना गढ़ समझते थे, वो भी ढह चुके

# पीएम मोदी ने दी यूपी सहित सात राज्यों को 34,676 करोड़ की सौगात

आजमगढ़
एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आजमगढ़ से यूपी सहित देश के सात राज्यों को 34,676 करोड़ रुपये की 782 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इस दौरान पीएम मोदी ने पिछली सरकारों पर हमला बोला।

पीएम मोदी ने कहा कि परिवारवादी लोग मोदी को लगातार गाली दे रहे हैं। ये लोग कह रहे हैं कि मोदी का अपना परिवार नहीं है। ये लोग भूल जाते हैं कि मोदी का परिवार देश की 140 करोड़ जनता है। इसीलिए, जनता ही कह रही है- मैं हूं मोदी का परिवार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे-जैसे विकास की बुलंदियों को छू रहा है, तुष्टिकरण का जहर भी कमजोर पड़ रहा है। पिछले चुनाव में आजमगढ़ की जनता ने भी दिखा दिया कि परिवार के लोग जहां अपना गढ़ समझते थे, वो भी ढह चुके हैं। कहा कि आज यूपी की पहचान रिकॉर्ड मात्रा में आ रहे निवेश से हो रही है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरिमनीज़



से हो रही है। एक्सप्रेस-वे के नेटवर्क और हाइवेज से हो रही है। बीते वर्षों में डबल इंजन की सरकार ने उत्तर प्रदेश में लाखों करोड़ रुपये के विकास कार्य कराए हैं। इससे ना सिर्फ यूपी का इंफ्रास्ट्रक्चर बदला है, बल्कि युवाओं के लिए लाखों नए अवसर बने हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि आप लोगों को याद है ना कि कैसे इसी उत्तर प्रदेश में सरकार चलाने वालों ने गन्ना किसानों को रुलाया था। उनका पैसा ही तरसा-तरसा कर दिया जाता था या मिलता ही नहीं था। ये भाजपा की सरकार है जिसने गन्ना किसानों का हजारों करोड़ का बकाया खत्म कराया है। आज गन्ना किसानों को सही समय पर गन्ने का मूल्य मिल रहा है।

कहा कि किसानों को आज पहले की तुलना में कई गुना बढ़ी हुई एमएसपी दी जा रही है। गन्ना किसानों के लिए भी इस साल लाभकारी मूल्य में 8 फीसदी की वृद्धि की गई है। अब गन्ने का लाभकारी मूल्य 315 रुपये से बढ़कर 340 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। आपका ये प्यार और आजमगढ़ का ये विकास... जातिवाद, परिवारवाद और वोटबैंक के भरोसे बैठे इंडी गठबंधन की नींद उड़ा रहा है।

# दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे दुष्यंत गौतम, प्रचार वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

देहरादून
हमारे संवाददाता

भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार ने प्रचार वीडियो वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पार्टी चुनाव अभियान को गति देने के लिए वह दो दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचे हैं।

भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम पार्टी चुनाव अभियान को गति देने के लिए दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को उत्तराखंड पहुंचे हैं। इस दौरान वह टिहरी और हरिद्वार लोकसभा क्षेत्रों की चुनाव प्रबंधन समिति एवं संकल्पपत्र अभियान के तहत कई वर्गों के साथ बैठकों में शिरकत करेंगे।

परेड ग्राउंड स्थित टिहरी लोस चुनाव कार्यालय देहरादून से दुष्यंत कुमार गौतम ने प्रचार वीडियो वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद वह टिहरी लोस की महत्वपूर्ण बैठक लेंगे, जिसमें लोकसभा कोर कमेटी, चुनाव प्रबंधन समिति, विधानसभा प्रभारी, संयोजक व विस्तारक प्रतिभाग करेंगे।



# बनभूलपुरा हिंसा मामले में दो और दंगाईयों को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

बनभूलपुरा हिंसा मामले में पुलिस ने दो और दंगाईयों को गिरफ्तार किया है। जिन्हें आज कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया है। इस मामले में अब तक 96 उपद्रवी जेल जा चुके हैं।



बता दें कि बीती आठ फरवरी को बनभूलपुरा स्थित मलिक का बगीचा में अवैध निर्माण ढहाए जाने के बाद हिंसा भड़क गई और दंगाइयों ने पुलिस, नगर निगम और मीडिया कर्मियों पर पथराव कर सैकड़ों वाहनों को आग लगा दी थी। स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए प्रशासन को कर्फ्यू तक लगाना पड़ा। इस हिंसा में पांच लोगों की मौत भी हुई। साथ ही करोड़ों की संपत्ति स्वाहा हो गई। इस मामले में दंगाईयों पर पुलिस एक्शन में है। पुलिस ने हिंसा में लिप्त दंगाइयों को चिन्हित कर उनकी गिरफ्तार शुरू कर दी गई। पुलिस ने हिंसा में शामिल दो और दंगाइयों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दंगाइयों में आरिश उर्फ हरदा निवासी मलिक का बगीचा वार्ड 31 बनभूलपुरा और समीर उर्फ नन्नू निवासी मोहम्मदी मस्जिद के पास बन्द गली इन्द्रा नगर शामिल हैं। इन्हें पुलिस ने आज कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया है। अब तक पुलिस कार्यवाही में 96 उपद्रवियों की गिरफ्तारी की गई है।

# कार व ट्रक की टक्कर, एक ही परिवार के छह लोगों की मौत, तीन घायल

जौनपुर
एजेंसी

जौनपुर जिले में देर रात बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यहां ट्रक और कार की भीषण टक्कर हुई है। हादसे में एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई है, जबकि बच्चे समेत तीन घायल हैं।

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गौराबादशाहपुर थाना इलाके के जौनपुर- आजमगढ़ हाईवे पर प्रसाद केराकत तिराहे के पास शनिवार की रात लगभग ढाई बजे यह हादसा हुआ। घटना में बिहार के सीतामढ़ी से प्रयागराज झूंसी लड़की देखने के लिए एक परिवार के नौ सदस्य कार में सवार



होकर जा रहे थे जैसे ही कार जौनपुर से केराकत की तरफ जाने के लिए मुड़ी तो सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। घटना के बाद मौके पर मची चीख पुकार मच गई। मौके पर आसपास के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया।

पुलिस के मुताबिक, बिहार के सीतामढ़ी के रहने वाले गजाधर शर्मा अपने परिवार के नौ सदस्यों के साथ सेवन सीटर कार से अपने पुत्र चंदन शर्मा की शादी के लिए लड़की देखने प्रयागराज के झूसी जा रहे थे। रात लगभग ढाई बजे जब उनकी कार केराकत प्रसाद तिराहे पर पहुंची तभी जौनपुर की तरफ से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार लगभग 10 मीटर तक घिसटती चली गई। सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने छह को देखते ही मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल तीन लोगों का उपचार किया जा रहा है। घटना के बाद ट्रक चालक और खलासी मौके पर ट्रक कर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस क्षतिग्रस्त कार और ट्रक को क्रेन और जेसीबी से निकलवाने में जुटी रही।

### मृतक में ये हैं

अनीश शर्मा (35) पुत्र गजाधर शर्मा, गजाधर शर्मा (60) पुत्र लक्ष्मण शर्मा, जवाहर शर्मा (57) पुत्र राम प्रताप, 4- गौतम शर्मा (17) पुत्र जवाहर शर्मा, 5- सोनम (34) पत्नी बजरंग शर्मा, 6- रिंकू (32) पत्नी पवन शर्मा, सभी निवासी स्टेशन रोड रीगा थाना रीगा, जिला सीतामढ़ी बिहार के।

# 50 हजार की नगदी समेत पांच सट्टेबाज दबोचे

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

मैच में सट्टा लगाने वालों की अब खैर नहीं पुलिस की आंख ऑनलाइन सट्टा लगाने वालों के ऊपर बनी है बीती देर रात एसओजी टीम को मुखबिर ने सूचना दी की रामपुर रोड गली नंबर नौ में बने एक मकान में कुछ लोग श्रीलंका व बांग्लादेश के बीच हो रहे मैच में ऑनलाइन सट्टा चल रहा है।

मंगल पड़ाव चौकी पुलिस व एस ओ जी की संयुक्त टीम ने वहां छापा मारकर पांच सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया साथ ही उनके पास से लाखों रुपए की रकम सहित लैपटॉप बरामद किया है । एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने खुलासा करते हुए बताया कि सट्टे में प्रयुक्त लैपटॉप सट्टे बाज हीरानगर के सतीश कालोनी निवासी अभिषेक अग्रवाल का है। उसके पास से 50 हजार रुपये बरामद हुए।

पुलिस की पूछताज सट्टेबाजों ने अपना नाम मनोज कुमार गुप्ता बताया। यह मकान मनोज गुप्ता का ही है। जिसके पास से पुलिस को आठ लाख सोलह सौ चालीस रुपये बरामद हुए। गिरफ्तार किए गए तीसरे आरोपी ने अपना नाम बनभूलपुरा के लाईन 18 निवासी मो. कामिल बताया उसकेपास से ढाई लाख रुपये बरामद हुए। चौथे आरोपी ने पुलिसकों अपना नाम गली नंबर नौ में ही रहने वाले विशाल गुप्ता बताया उसके पास से दो लाख 30 हजार रुपये बरामद हुए। एसपी प्रकाश चंद्र ने खुलासा करते हुए बताया कि पकड़ा गया पांचवा सट्टे बाज धान मिल का रहने वाला रोहित गुप्ता है उसके पास से एक लाख 70 हजार रुपये बरामद हुए। एसपी ने बताया कि पकड़ने वाली टीम में एसओजी प्रभारी संजीत राठौर, मंगल पड़ाव चौकी प्रभारी दिनेश जोशी,ललित कुमार,चंदन नेगी,संतोष बिष्ट,हितेंद्र वर्मा,आदि मौजूद थे। एसपी सिटी ने ने बताया की आरोपियों से पन्द्रह हजार रूपए की नगदी बरामद हुई हैं

पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।



# विकास खंड के 40 भोजन माताओं को दिया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के विकास खंड रामनगर की प्राथमिक तथा जूनियर हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट में कार्यरत विभिन्न विद्यालयों की 40 भोजन माताओं को यहां एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए समग्र शिक्षा अभियान ब्लॉक समन्वयक मनोज तिवारी ने कहा कि भोजन माताओं के ऊपर बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है उन्हें भोजन में स्वच्छता के साथ-साथ पोषण के मानकों का भी ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे हैं फोर्टीफाइड चावल के दोनों को पकने से पूर्व चावल बिनने के दौरान खराब समझकर फेंक दिया जाता है जबकि यह चावल के दाने आयरन तथा फोलिक एसिड सहित कुछ अन्य महत्वपूर्ण खनिज एवं विटामिन द्वारा कोटेड किए जाते हैं। प्रभारी समन्वयक संकुल जोगीपुरा तथा सुरेश चौधरी के संचालन में आयोजित इस प्रशिक्षण में जनपद स्तर पाक कला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त राजकीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय पापड़ी की भोजनमाता जानकी बिष्ट, ब्लाक रामनगर की मध्यान भोजन प्रभारी रश्मि जोशी एवं संकुल जोगीपुरा के प्रभारी समन्वयक सुरेश चौधरी को सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रधानमंत्री पोषण योजना में साफ सफ ई तथा स्वच्छता व भोजन पकने के दौरान भीजन माता यूनिफॉर्म, चावल, दाल व मसाले आदि का रखरखाव एवं भंडारण व्यवस्था, गैस चूल्हे के इस्तेमाल में सुरक्षा संबंधी मानकों का ध्यान रखनाए अधिक कैलोरी एवं पौष्टिकता हेतु भोजन में मोटे अनाज का उपयोग स्थानीय उपलब्ध साग सब्जियां तथा खाद्य पदार्थों का अधिकतम प्रयोग आदि बिंदुओं पर जानकारी दी गई।

इस अवसर पर शिव ओम अग्रवाल, प्रदीप रावत, कमल कांत पांडे, धर्म सिंह, लक्ष्मी देवी, मंजू देवी, कल्पना सक्सेना, मोहिनी देवी, मंजू रावत, शमा खान, फ रहीन, दीपा देवी, रागिनी ठाकुर, भगवती सुयाल तथा यशोदा आदि ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया।



# रोडवेज इंप्लाइज यूनियन के धर्मेंद्र शाखा अध्यक्ष बने

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड रोडवेज इम्पलाइज यूनियन शाखा हल्द्वानी डिपो के वार्षिक चुनाव में धर्मेंद्र सिंह बिष्ट अध्यक्ष व गोविंद बल्लभ जोशी मंत्री चुने गये। चुनाव अधिकारी नवीन ईटनी व शंकर सिंह नेगी, प्रदेश अध्यक्ष मुकेश वर्मा व क्षेत्रीय मंत्री मो.कतील अख्तर की देखरेख में हल्द्वानी बसअड्डे स्थित यूनियन कार्यालय में हुए चुनाव में मनोज गुप्ता व कुलदीप रावत उपाध्यक्ष, किशन नाथ गोस्वामी व राजेंद्र कुमार संयुक्त मंत्री, रमेश पांडे संगठन मंत्री, महेश तिवारी कोषाध्यक्ष, मनमोहन सिंह नेगी लेखा परीक्षक, सुभाष चंद्र प्रचार मंत्री, पुष्कर सिंह नेगी कार्यालय सचिव तथा दीवान सिंह बिष्ट व अनिल साह क्षेत्रीय प्रतिनिधि एवं सत्यप्रकाश व विनोद पौडियाल प्रांतीय प्रतिनिधि चुने गये। इस मौके पर मोहन आर्य, सतीश लाल पवन कुमार, कुलदीप सिंह, दीवान सिह, विक्रम सिंह, मो.अखलाक, अमरीक सिह, विरेन्द्र सिंह, विवेक कुमार, रामकुमार, सनी भारती, दलीप बोरा, सुनील जोशी आदि मौजूद थे।

# आठ महिलाओं को उत्कृष्ट सेवाओं पर विशेष सम्मान दिया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मद्देनजर रोटरी क्लब ने शनिवार को नैनीताल नगर की 8 महिलाओं को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के मद्देनजर रखते हुए उन्हें विशेष सम्मान दिया और उनके कार्य की सराहना की।

सम्मानित होने वालों में राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल की फार्मासिस्ट/ नर्स मिनाक्षी शर्मा, वार्ड आया मधु जोशी, एसआई मल्लीताल प्रियंका मौर्य, एसआई तल्लीताल थाना अंजुला जॉन, पर्यावरण मित्र कमला देवी, नगरपालिका में कार्यरत लेखाकार विभाग से शोभा चौहान तथा शासकीय अधिवक्ता सबीना उस्मान और राशन की दुकान के व्यापारी मल्लीताल रीता जोशी शामिल थे। इस दौरान रोटरी क्लब के अध्यक्ष नरेन्द्र लांबा, जितेंद्र शाह, विक्रम सुयाल, जेके शर्मा, विजय कृष्णा, शिवांगी शाह, डॉ मृदुल कृष्ण व सुमित खन्ना आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष विक्रम सुयाल ने किया।



## NEWS / फटाफट

### मनोज जोशी को सदस्य नियुक्त किया



**नैनीताल ।** श्रमायुक्त दीप्ति सिंह ने 57 अनुसूचित नियोजनों में निर्धारित न्यूनतम मजदूरी के दरों के पुनरीक्षण के संबंध में विचार विमर्श किए जाने के लिए न्यूनतम वेतन अधिनियम- 1948 के तहत टीम का गठन किया गया है जिसमें नैनीताल से पूर्व भजापा मंडल अध्यक्ष व निवर्तमान पालिका सभासद मनोज जोशी को इसका सदस्य नियुक्त किया गया है। इस बीच मनोज जोशी ने उन्हें यह अहम जिम्मेदारी मिलने पर सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित श्रम आयुक्त दीप्ति सिंह का आभार व्यक्त किया। जोशी के मुताबिक वह अपने इस पद पर पूरी ईमानदारी से कार्य का निर्वहन करेंगे और मजदूरों के हित के लिए कार्य करेंगे।

### रेंजर्स व रोवर्स को निपुण परीक्षा से पहले मतदान के प्रति किया जागरूक



**हल्द्वानी।** एमबीपीजी कॉलेज के रेंजर्स-रोवर्स की टीम ने देहरादून में होने वाली निपुण परीक्षा से पहले मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर रेंजर्स व रोवर्स ने लोकसभा चुनाव में मतदान करने व परिजनों को भी मतदान केंद्र तक पहुंचाने का संकल्प लिया। रेंजर्स व रोवर्स के प्रशिक्षक डॉ.गोविंद सिंह बोरा ने युवाओं से मतदान कर सशक्त राष्ट्र के निर्माण में अहम योगदान देने का आह्वान किया गया। स्वीप नैनीताल के सदस्य गौरीशंकर कांडपाल ने रेंजर्स व रोवर्स को चुनाव का पर्व देश का गर्व के संदेश के साथ मतदाता जागरूकता के संबंध में अपने आसपास के लोगों तथा युवा मतदाताओं को इस बार मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की। इस अवसर पर योगेंद्र नेगी अनुज सिंह राणा, हेम चंद्र पांडे, देव जोशी, हिमानी, वंदना बिष्ट, दीक्षा जोशी, कविता आदि मौजूद थे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

# भाजपा किसान मोर्चा नैनीताल का ग्राम परिक्रमा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

भाजपा किसान मोर्चा नैनीताल द्वारा ग्राम परिक्रमा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हल्द्वानी मंडल में पद यात्रा के माध्यम से किया गया।

कार्यक्रम में किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष संदीप कुकसाल के नेतृत्व में घर घर जाकर मोदी सरकार की किसानों के लिए लाभकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई । उन्होने कहा की पिछले 10 वर्षो में मोदी सरकार द्वारा किसानों और मजदूर वर्ग के लिए लाभकारी योजनाए चलाई जा रही है। इसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, न्यूनतम समर्थन मूल्य, प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना, सॉइल हेल्थ कार्ड, किसान उदपादक संघठन (द्वश्चश्र) पशुधन विकास, एकीकृत बागवानी विकास मिशन (द्वद्धस्रद्ध), आयुष्मान भारत योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत ग्रामीण मिशन, प्रधानमन्त्री जन धन योजना, प्रधानमन्त्री आवास योजना, प्रधानमन्त्री गरीब कल्याण योजना की जानकारी दी गई । इस अवसर पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री अजय राजौर, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रताप रैकवाल, नगर महामंत्री पंकज अधिकारी , मधुकर शोत्रिये , किसान मोर्चा के जिला महामंत्री दिनेश सिंह, जिला मंत्री मदन सिंह रावत, मनीष पाल, योगेश राजौर, जगदीश शर्मा समेत अनेक लोग उपस्थित थे ।



# लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक में होली महोत्सव को लेकर चर्चा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक मीनू बुधलाकोटी की अध्यक्षता में शनिवार को सेंट्रल होटल में हुई। बैठक में रविवार (आज) होने वाली होली महोत्सव की कामयाबी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में क्लब की सचिव रमा भट्ट ने बताया कि रविवार (आज) महिला होली सुबह ठीक 10 बजे से सेंट्रल होटल में प्रारंभ होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार सिंह होंगे।

क्लब द्वारा इस बार होली महोत्सव में देहरादून की लक्ष्मी अग्रवाल तथा रामनगर की अमिता लोहनी, अल्मोड़ा की शीला पंत तथा नैनीताल की मंजू रौतेला व हल्द्वानी की रेनू जोशी एवं क्लब की लीला जोशी को सम्मानित किया जा रहा है साथ ही इस बार महिला होली में भवाली, अल्मोड़ा, ज्योलीकोट व भीमताल तथा नैनीताल की टीमों द्वारा प्रतिभा किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए क्लब द्वारा दीपा पांडे को संयोजक जबकि हेमा भट्ट, रानी शाह, जीवंती भट्ट और अमिता शाह को सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है।

क्लब द्वारा इस बार सांग बनो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें विजेताओं को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में डा. प्रगति जैन, गीता शाह, मंजू बिष्ट, विनीत पांडे, आभा शाह, सीमा सेठ, तनु सिंह ,पल्लवी राय, मीनाक्षी कीर्ति, कंचन जोशी, लीला राज, रेखा जोशी, रमा तिवारी, मधुमिता, तुसी शाह, कविता गंगोला, कनिका रावत, ज्योति दोदियाल, प्रेमा अधिकारी, दीपिका बिनवाल, संगीता श्रीवास्तव तथा दीप्ति बोरा आदि सदस्य लगे हुए हैं।

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## हिमालय को नुकसान

*पर्यावरणविद जलवायु परिवर्तन और ब्लैक कार्बन से हिमालय को नुकसान पर चिंता जता रहे हैं। पर्यावरणविदों ने उत्तराखंड में 1970 के दशक में चिपको आंदोलन के माध्यम से पर्यावरण की अलख जगाई थी। महिलाओं ने पेड़ों से चिपककर विश्व का ध्यान जंगल बचाने की ओर खींचा था। प्रसिद्ध पर्यावरणविद मैगसेसे पुरस्कार व गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित चंडी प्रसाद भट्ट ने वर्तमान में पेड़ों को काटकर वन क्षेत्र कम करने, जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण से हिमालय को संकट के प्रति आगाह किया है। ब्लैक कार्बन से ग्लेशियर पिघल रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी ग्लेशियर सिमटने तथा तापमान बढ़ने पर चिंता जताई जा चुकी है। विशेषकर हिमालय को क्षति पहुंचने पर नदियों तथा उन पर निर्भर मैदानी क्षेत्र के करोड़ों लोगों पर असर पड़ेगा।*

पर्यावरण संरक्षण वर्तमान में सबसे महत्वपूर्ण विषय है। पर्यावरणविद जलवायु परिवर्तन और ब्लैक कार्बन से हिमालय को नुकसान पर चिंता जता रहे हैं। पर्यावरणविदों ने उत्तराखंड में 1970 के दशक में चिपको आंदोलन के माध्यम से पर्यावरण की अलख जगाई थी। महिलाओं ने पेड़ों से चिपककर विश्व का ध्यान जंगल बचाने की ओर खींचा था। प्रसिद्ध पर्यावरणविद मैगसेसे पुरस्कार व गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित चंडी प्रसाद भट्ट ने वर्तमान में पेड़ों को काटकर वन क्षेत्र कम करने, जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण से हिमालय को संकट के प्रति आगाह किया है। ब्लैक कार्बन से ग्लेशियर पिघल रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी ग्लेशियर सिमटने तथा तापमान बढ़ने पर चिंता जताई जा चुकी है। विशेषकर हिमालय को क्षति पहुंचने पर नदियों तथा उन पर निर्भर मैदानी क्षेत्र के करोड़ों लोगों पर असर पड़ेगा। अनियोजित विकास से हिमालय में पर्वतीय से लेकर तराई और मैदानी क्षेत्र में अनेक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। विकास के नाम पर कमजोर पहाड़ी चोटियों को सुरंग तथा सड़क निर्माण के लिए खोखला किया जा रहा है। पेड़ पहाड़ का आवरण अर्थात वस्त्र हैं। निर्माण कार्य के लिए पेड़ों का अंधाधुंध कटान किया जा रहा है। सड़क बनाने के लिए पहाड़ को विस्फोट से उड़ाया जाता है, जिससे पूरे पहाड़ में दरारें पड़ जाती हैं। पिछले मानसून के दौरान उत्तराखंड में मामूली सी बारिश होने पर अनेक सड़कें टूट गईं। भूस्खलन से मकान धराशायी हो गये। पर्वतीय क्षेत्र के सैकड़ों गांवों का सड़क से सम्पर्क कट गया। उत्तरकाशी और नैनीताल में भूधंसाव से अनेक क्षेत्र खतरे की जद में आ गये हैं। अनियोजित विकास के दौरान ड्रेनेज और बारिश के पानी की निकासी का प्रबंध किये बिना निर्माण कार्य किये जा रहे हैं। पहाड़ पर एक मंजिल के टिन की हल्की छत के मकान सुरक्षित माने जाते हैं। कुछ साल से सरिया, कंक्रीट, सीमेंट के पिलर और बीम के बहुमंजिला भवन बनाये जा रहे हैं। कमजोर पहाड़ की चोटियां बहुमंजिला भवनों का बोझ सहन नहीं कर पा रही हैं। पत्थर और रेत को पेड़ की जड़ जकड़कर रखती हैं। पेड़ कट जाने से पहाड़ भरभराकर गिर रहे हैं। पर्यावरण मंत्रालय और ग्रीन ट्रिब्यूनल से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिये बिना ही निर्माण कार्य किये गये हैं। पर्यावरणविदों की चेतावनी के बाद उत्तराखंड की महिलाओं को एक बार फिर पेड़ों से चिपककर पांच दशक पहले का चिपको आंदोलन शुरू करना पड़ेगा। पेड़ को काटने से बचाने की जिम्मेदारी सिर्फ महिलाओं की नहीं है, सभी वर्ग के लोगों को पेड़ काटने से बचाने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना होगा। पर्यावरणविद संगोष्ठी करके संकट के प्रति सतर्क कर अपना दायित्व निभा रहे हैं। संकट को टालने की जिम्मेदारी सरकार और जन-जन की है।

# शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ ने विवि प्रशासन के निर्णय का स्वागत किया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ ने विश्वविद्यालय प्रशासन के उस निर्णय का स्वागत किया है जिसमें प्रशासन द्वारा महासंघ की मांग पर विश्वविद्यालय में पारदर्शी स्थानांतरण नीति बनाने एवं प्रत्येक अनुभागवार कर्मचारियों का ढांचा बनाया जाने का निर्णय लिया है और संबंधित समिति को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया हैं, वहीं संगठन ने डीएसबी परिसर में आ रही समस्या के दृष्टिगत आवश्यक कर्मचारियों के स्थानांतरण स्थगित करने का भी स्वागत किया है।

महासंघ के अध्यक्ष आनंद सिंह रावत और महामंत्री दीपक जोशी ने बताया कि संगठन द्वारा विश्वविद्यालय में एक लंबे समय से पारदर्शी स्थानांतरण नीति और अनुभागवार कर्मचारियों का ढांचा बनाने की मांग




भी लंबे समय से की जा रही है। इस संबंध में भी कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत द्वारा संबंधित समिति को दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देने का निर्देश जारी किया है। इसके उपरांत उक्त समिति की बैठक 16 मार्च (शनिवार) को निश्चित कर दी गई है।

इसके साथ ही समस्त कर्मचारियों की एक कॉमन सेवानियमावली बनाए जाने हेतु भी गठित समिति की बैठक भी आगामी 16 मार्च (शनिवार) को निश्चित कर दी गई है। वहीं कुलपति प्रो.रावत द्वारा विश्वविद्यालय के ऐसे कर्मचारी जिन्हें कंप्यूटर संचालन में दक्षता नहीं है उन्हें इसका प्रशिक्षण देने हेतु ट्रेनिंग कार्यक्रम चलाने का भी आदेश दिया है। इन सभी हेतु संगठन ने कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत एवं कुल सचिव दिनेश चंद्रा का विशेष आभार व्यक्त किया है।

बैठक में कुलपति प्रो.रावत द्वारा महासंघ के साथ ही विश्वविद्यालय के संगठनों को प्रत्येक दो माह में उनकी मांगों की समीक्षा हेतु वार्ता करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

प्रशासन के इन सभी निर्णय हेतु उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष भूपाल सिंह करायत समेत डीएसबी परिसर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गणेश सिंह बिष्ट, सचिव राजेंद्र सिंह ढैला, भीमताल परिसर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष भगवान सिंह ध्यानी तथा सचिव रमेश भट्ट सहित सभी कर्मचारियों ने खुशी जाहिर की है।

## प्रदीप जिलाध्यक्ष व शिव महामंत्री मनोनीत



**हल्द्वानी।** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की जिला युवा की कार्यकारिणी घोषित की गई है। जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्षवर्द्धन पांडे ने प्रदीप सब्बरवाल को अध्यक्ष व शिव कपूर को महामंत्री मनोनीत किया है।

उनके मनोनयन पर प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्र शेखर पंत, कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, मंत्री रूपेंद्र नागर व शांति जीना, संगठन मंत्री हितेंद्र भसीन, मदन फर्त्याल, दिगंबर वर्मा, नवनीत राणा, पंकज कंसल, नदीम खान, लाला जायसवाल, विजय तिवारी, जिला उपाध्यक्ष मुरली मनोहर मुलानी, प्रमोद भट्ट, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल, जिला महिला अध्यक्ष कुसुम दिगारी, महामंत्री उर्वशी बोरा आदि ने हर्ष जताया है।

## शिव मंदिर में कलश स्थापना के साथ अखंड रामायण पाठ

**नैनीताल ।** कुमाऊं विश्वविद्यालय में स्थित शिव मंदिर में कलश स्थापना के साथ अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में मुख्य पुरोहित कमल किशोर जोशी एवं सहायक पंडित राजेश लोहनी ने अपनी भूमिका निभाई जबकि धार्मिक अनुष्ठान में अभिराम पंत तथा नवीन पाठक समेत कैलाश बिष्ट, नवीन उप्रेती, नवल बिनवाल एवं जीवन सिंह रावत ने सपत्नी जजमानी निभायी।

अखंड रामायण के पश्चात हवन एवं भजन कीर्तन तथा प्रसाद वितरण किया गया। शिव मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान पूर्ण होने के उपरांत सभी भक्तजन विश्वविद्यालय मुख्य द्वार पर स्थित मां सिद्धिदात्री मंदिर गए एवं वहां पर प्रभु भजन प्रभु के भजन कीर्तन कहे गए। इस धार्मिक अनुष्ठान को पूर्ण करने में संपूर्ण विश्वविद्यालय परिवार का सहयोग रहा। बता दें यह सभी पुनीत धार्मिक अनुष्ठान महाशिवरात्रि के विशेष मौके पर किए गए।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 772 मामलों का निस्तारण किया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुबीर कुमार के नेतृत्व में जिला मुख्यालय नैनीताल एवं बाह्य न्यायालय रामनगर एवं हल्द्वानी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें 772 मामलों का निस्तारण कर 553000.00 रुपएं की समझौता राशि वसूली गयी।

सुबीर कुमार जिला न्यायाधीश/ जिला न्यायालय नैनीताल एंव बैंच अधिवक्ता अशोक कुमार मौलेखी की पीठ द्वारा कुल 13 मामलों का निस्तारण किया गया। जिसमें समझौता धनराशि मु0 रू0 4771000.00 रही। रमेश सिंह न्यायाधीश परिवार न्यायालय नैनीताल एवं बैंच के अधिवक्ता हरीश चन्द्र भट्ट की पीठ द्वारा 26 पारिवारिक वादों का निस्तारण किया गया। ज्योत्सना अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/ जिला न्यायालय नैनीताल एवं बैंच के अधिवक्ता प्रमोद कुमार तिवारी




की पीठ द्वारा 174 वादों का निस्तारण किया गया जिसमें मु0 553000.00 रु0 समझौता धनराशि रही। पुनीत कुमार सिविल जज /सी0डि0 जिला न्यायालय नैनीताल एवं बैंच के विद्वान अधिवक्ता तरूण कुमार चन्द्रा की पीठ द्वारा 78 मामलों का निस्तारण किया गया जिसमें मु0 363900. 00 रु0 समझौता धनराशि रही। एवं प्रीलीटीगेशन के 38 मामलों का निस्तारण कर मु0 537297.00 रु0 समझौता धनराशि रही। नन्दन सिंह राणा विशेष न्यायाधीश पोक्सो दीवानी न्यायाल हल्द्वानी एवं बैंच के अधिवक्ता सुनील तिवारी की पीठ द्वारा 17 वादों का निस्तारण किया गया जिसमें मु0 8705000.00 रु0 समझौता धनराशि रही। विध्यांचल सिंह न्यायाधीश परिवार न्यायालय हल्द्वानी एवं बैंच के विद्वान अधिवक्ता दिनेश चन्द्र जोशी की पीठ द्वारा 43 पारिवारिक वादों का निस्तारण किया गया।

इसके साथ ही सयन सिंह अपर जिला जज दीवानी न्यायालय रामनगर एवं बैंच के अधिवक्ता कु0 शुभाना तबस्सुम की पीठ द्वारा 7 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें मु0 4239000.00 समझौता धनराशि रही एवं प्रीलीटीगेशन के 24 मामलों का निस्तारण कर मु0 1533461.00 रु0 समझौता धनराशि रही। कुलदीप नारायण सिविल जज जू0डि0 दीवानी न्यायालय रामनगर एवं बैंच के विद्वान अधिवक्ता तरूण बिष्ट की पीठ द्वारा 70 वादों का निस्तारण किया गया जिसमें मु0 8199874.00 समझौता धनराशि रही। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग नैनीताल द्वारा 01 वाद निस्तारित कर मु0114262.00 समझौता धनराशि रही।

# फिल्मी दुनिया

## शैतान का जलवा, आर्टिकल 370 की धांसू कमाई जारी



*दर्शकों का मनोरंजन के लिए इस समय सिनेमाघरों में अलग–अलग शैलियों की फिल्में लगी हुई हैं। एक्शन से लेकर हॉरर फिल्में तक मार्च के महीने में बड़े पर्दे पर प्रदर्शित हो रही हैं। इस शुक्रवार रिलीज हुई आर माधवन और अजय देवगन की फिल्म शैतान शानदार कमाई कर रही है। वहीं आर्टिकल 370 भी लोगों को थिएटर्स तक खींचने में अब भी कामयाबी हासिल कर रही है। आइए जानते हैं कि शनिवार को किस फिल्म ने कितनी कमाई की है।*

*फिल्म शैतान का इंतजार लोगों को लंबे समय से था। इस फिल्म के ट्रेलर रिलीज के बाद लोगों की अपेक्षाएं इससे काफी ज्यादा बढ़ गई थीं। विकास बहल के निर्देशन में बनी यह फिल्म टिकट खिड़की पर अच्छी कमाई कर रही है। ओपनिंग डे पर फिल्म ने 14.75 करोड़ का कलेक्शन किया था। वहीं, दूसरे दिन फिल्म की कमाई ने उछाल लेते हुए 18.25 करोड़ रुपये बटोर डाले हैं। अब इस फिल्म की कुल कमाई 33 करोड़ रुपये हो गई है।*

## तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया

*शाहिद कपूर और कृति सेनन की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया बॉक्स ऑफिस पर धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। इस फैमिली एंटरटेनर को लोगों से मिश्रित प्रतिक्रिया मिली है। फिल्म ने 30वें दिन 60 लाख रुपये का कलेक्शन किया। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई 82.85 करोड़ रुपये हो गई है।*

# चमोली के पीयूष को मिला नैनो क्रियेटर अवार्ड

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

देश में पहली मर्तबा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर नेशनल क्रियेटर्स अवार्ड का आयोजन नई दिल्ली के भव्य भारत मंडपम सभागार में आयोजित किया गया।

बता दें कि इस समारोह में देश भर के कंटेंट क्रियेटर्स के साथ हल्द्वानी निवासी प्रसिद्ध गेमर फ्लीट यू-ट्यूब चैनल के अंशु बिष्ट एवं नैनीताल ने नवीन समाचार के संपादक डॉ. नवीन जोशी एवं हल्द्वानी से पॉपकॉर्न ट्रिप यूट्यूब चैनल के एम.के. पांडे भी आमंत्रित किये गये थे। पहली मर्तबा हुये इस आयोजन में उत्तराखंड के चमोली जनपद के बमौथ गांव निवासी ए बॉय फ्रॉम पहाड़ नाम का यूट्यूब चैनल चलाने वाले पीयूष पुरोहित को नैनो क्रियेटर श्रेणी में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। उनके अलावा उत्तराखंड का विवाह के अवसर पर निमंत्रित करने के लिये गाया जाने वाला सुप्रसिद्ध शकुनाखर गीत् सुवा सुवा बनखंडी सुवा जा सुवा न्यौत दि आ गाकर सुर्खियां बटोरने वाली मैथिली लोक गायिका मैथिली ठाकुर को भी पुरस्कृत किया गया। समारोह में उत्तराखंड के ही निवासी सुप्रसिद्ध कवि गीतकार प्रसून जोशी बतौर निर्णायक मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उपस्थित रहे। समारोह में नामांकित हल्द्वानी के यूट्यूबर अंशु बिष्ट ने बताया कि वह मामूली अंतर से पुरस्कार से चूक गये। अगली बार वह जरूर जीतेंगे।



## News कॉर्नर

### नैनीताल में वीकेंड पर पर्यटकों की भीड़ से रौनक

**नैनीताल।** नगर में वीकेंड के मौके पर नैनीताल में अन्य दिनों की तुलना में पर्यटकों की भीड़-भाड़ से खूब रौनक देखने को मिली। बता दें लंबे समय के बाद नैनीताल में सुहावने मौसम के बीच अन्य वीकेंड की तुलना में पर्यटकों की आमद अधिक रहने से पर्यटन व्यवसाय से जुड़े कारोबारी भी काफी खुश नजर आये। नगर के केव गार्डन, हिमालय बाटनिकल गार्डन, चिडियाघर, वाटरफाल समेत अन्य दर्शनीय स्थलों में दिनभर पर्यटकों की भीड़ भाड़ से रौनक देखने को मिली।

### तल्लीताल थाने का एसपी हरबंस सिंह ने किया निरीक्षण

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल थाने का शनिवार को हरबंस सिंह एसपी क्राइम/ट्रैफिक द्वारा अर्द्ध वार्षिक निरीक्षण किया गया। इससे पूर्व रमेश बोहरा थानाध्यक्ष द्वारा थाने के सभी भवन, कर्मचारी बैरक व मालखाने का भ्रमण व निरीक्षण करवाया गया।

निरीक्षण में सिंह को थाना कार्यालय व परिसर व भोजनालय में साफ सफ ई अच्छी पायी गयी। उन्होंने निर्देशित किया गया कि भोजनालय में विशेष मेन्यू चार्ट तैयार करें व पुलिस कर्मियों हेतु गुणवत्ता युक्त भोजन बनाया जाय। आपदा के सभी उपकरणों का चैक किया गया सभी उपकरणों का बेहतर रख रखाव करने के दिशा निर्देश दिए गए। थाने में उपस्थित पुलिस कर्मियों को शस्त्रों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी तथा पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा शस्त्रों को खोला व जोड़ा गया। निर्देशित किया गया कि किसी भी आकस्मिक स्थिति हेतु तैयारी के लिए पुलिस कर्मियों को लगातार शस्त्राभ्यास कराते रहें। इस दौरान थाना अभिलेखों को चैक किया गया। निर्देशित किया गया कि सभी अभिलेखों को अध्यवाधिक कर लें और सभी प्रविष्टियां पूर्ण कर ली जाएं, महिला हेल्पडेस्क का निरीक्षण किया गया।

# जमीअत अध्यक्ष मौलाना महमूद ने किया हिंसा प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



जमीअत उलमा-ए-हिंद का एक प्रतिनिधिमंडल जमीअत उलमा-ए-हिंद के महासचिव मौलाना हकीमुद्दीन कासमी के नेतृत्व में दंगा प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करने के लिए हल्द्वानी पहुंचे। प्रतिनिधिमंडल ने इंद्रा नगर, मलिक का बागीचा और लाइन नंबर 17 में घर-घर जाकर लोगों का हाल-चाल जाना और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। ज्ञात हो कि हल्द्वानी के बनभूलपुरा हिंसा से स्थानीय लोग काफी प्रभावित हैं, अब तक सौ से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं। प्रभावित इलाके के अधिकतर लोग गरीब और मजदूरी करने वाले हैं। जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी इन परिस्थितियों को लेकर बेहद चिंतित हैं, इसलिए उनके निर्देश पर नियुक्त प्रतिनिधिमंडल जमीनी स्थिति की समीक्षा करने के लिए दो दिनों से हल्द्वानी में डेरा डाले हुए है।

आज जमीअत उलमा-ए-हिंद के प्रतिनिधिमंडल ने एडिशनल एसपी प्रकाश चंद्र, एसडीएम परितोष वर्मा और थाना बनभूलपुरा आजादनगर के एसएचओ अवनीगर भागवनी से मुलाकात की और मनमानी गिरफ्तारियों पर चिंता व्यक्त की और कहा कि रमजान का महीना आ रहा है, इसलिए लोगों को जांच के नाम पर परेशान न किया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने दंगे में जलाई गई और लूटपाट की शिकार हुई दुकानों, घरों और गाड़ियों की क्षति पर मुआवजे की मांग की। इसके साथ ही जिन लोगों के घरों को बुलडोजर की कार्रवाई में तोड़ दिया गया है, उनका पुनर्वास किया जाए।

इसके अलावा जमीअत उलमा-ए-हिंद के प्रतिनिधिमंडल ने जमीअत उलमा उत्तराखंड के सचिव अब्दुल कादिर फार्मर के साथ स्थानीय जमीअत के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की और प्रभावित लोगों की कानूनी सहायता और अन्य जरूरतों के लिए एक समिति का गठन किया गया। कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए हल्द्वानी के प्रमुख वकीलों से चर्चा की गई। इस दौरान विशेषकर निर्दोष एवं गरीब लोगों की जमानत पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया गया। वकीलों ने जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष को लिखे अपने पत्र में जमीअत की देखरेख में निर्दोषों को कानूनी सहायता प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की है।

आज जमीअत उलमा-ए-हिंद के प्रतिनिधिमंडल में जमीअत उलमा हिंद के महासचिव के अलावा मौलाना शोएब, नाजिम दीनी तालीमी बोर्ड जमीअत उलमा-ए-हिंद, मौलाना आलम गुमाट मेवात, मौलाना अब्दुल-हादी और स्थानीय जमीअत उलमा से अब्दुल कादिर फार्मर, कारी अब्दुल मुईद साहब अध्यक्ष शहर हल्द्वानी, मुफ्ती अब्दुल बासित साहब शहर इमाम व खतीब मरकज मस्जिद बनजारां, मुफ्ती अजहद साहब, हाफिज अम्मार साहब समेत अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

# सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का समापन



**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

राजकीय महिला महाविद्यालय द्वारा ग्राम पनियाली में लगाए गए राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत चलाए जा रहे सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का समापन हुआ।

समापन से पूर्व स्वयंसेवियों ने प्राइमरी स्कूल पनयाली में जाकर वहां के बच्चों को स्वच्छता को लेकर जागरुक किया। स्वयंसेवियों ने कविताओं एवं कहानियों के माध्यम से बच्चों को बताया कि स्वच्छता के लिए विद्यार्थियों का पहला कर्तव्य है कि वे स्वयं के शरीर की सफाई रखें, इसके लिए नित्य स्नान करें, साफ कपड़े पहनें। शौच जाने के उपरान्त हाथों को साबुन से धोएँ। अपने नाखूनों को काटें जिससे उनमें गन्दगी न रहे। स्वयंसेवियों के इस प्रयास की प्रधानाचार्य एवं स्टॉफ ने खूब सराहना की और धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में गांव की नीला परवाल रही। एनएसएस प्रभारी डॉ0 ललिता जोशी ने बताया कि गांव में महिला सशक्तिकरण के कार्यों को बढ़ावा दे रही महिला समूह को सम्मानित किया गया। उन्होंने ने कहा कि नीला परवाल एवं समूह द्वारा पापड़ आदि बना के समूह में कार्य किया जाता है। शिविर के दौरान नीला परवाल एवं समूह द्वारा स्वयंसेवियों को स्वरोजगार एवं विषम परिस्थितियों में कैसे संयमित रहकर जीवनयापन किया जाता है इसके बारे में बताकर स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 रितुराज पंत ने कहा कि दलनायक के रूप में शिवानी कार्की एवं किरन मौर्य को पुरुस्कृत किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिऐ गार्गी पांडे, निष्ठा आर्या, पूजा बिष्ट और प्रिया जोशी को पुरस्कृत किया गया। अंत में सभी स्वयंसेवियों ने संकल्प गीत गाया और शिविर का विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर डॉ0 अंजू पालीवाल, सुनील खाती, चन्द्रशेखर भट्ट आदि उपस्थित रहे।

# परिवहन मजदूर संघ ने रोडवेज का बस बेड़ा बढ़ाने की उठाई मांग

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ काठगोदाम शाखा की बैठक अध्यक्ष पूरन सिंह राणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मौके पर वक्ताओं ने परिवहन निगम में बसों का अभाव होने पर चिंता जताई।

उनका कहना था कि बसें न होने से पर्वतीय रूटों पर संचालन ठप है, इससे रोजाना रोडवेज को नुकसान उठाना पड़ रहा है। संघ के प्रदेश महामंत्री बीएम सुयाल ने बताया कि पिछले दिनों काठगोदाम बस टर्मिनल का शिलान्यास करने पहुंचे मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप पीक सीजन के लिए रोडवेज के बेड़े में 500 नई बसें जोड़ने, संविदा विशेष श्रेणी वाले चालक-परिचालकों के साथ ही कार्यशाला कर्मियों को नियमित किये जाने जैसी मांगें उठाई गई हैं। इस दौरान काठगोदाम शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। इसमें पूरन चंद्र जोशी को अध्यक्ष, विजय कपिल व सर्वजीत सिंह को उपाध्यक्ष, हिमांशु उपाध्याय को मंत्री, महेश चंद्र सिंह राणा व हरीश चंद्र जोशी को संयुक्त मंत्री, पूरन सिंह राणा को संगठन मंत्री, प्रोमिला मैरी, द्रोपदी देवी, गिरीश आगरी व रोहित बिष्ट को कार्यकारिणी सदस्य तथा वीरेंद्र सिंह बिष्ट, भूपेंद्र नेगी, बीके शर्मा को क्षेत्रीय सदस्य चुना गया।



# ओल्ड बॉयज, निशांत हॉस्टल और कॉप्स इलेवन ने जीते मैच



**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

डीएसए मैदान में स्वर्गीय एन. के. आर्या मैमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित एवं केनरा बैंक द्वारा प्रायोजित स्व. एन के आर्या मेमोरियल क्रिकेट कप 2024 में प्रतियोगिता के तीन लीग मुकाबले खेले गए।

इससे पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट समेत युवा सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा नेता अरविंद सिंह पडियार, नगर मंत्री संतोष कुमार व अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष रोहित भाटिया ने प्रतियोगिता में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला ओल्ड बॉयज एवं नोव इलेवन के मध्य खेला गया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए ओल्ड बॉयज ने 149 रनों का लक्ष्य रखा जवाब में नोव इलेवन 101 रन ही बना सकी और ओल्ड बॉयज ने जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला निशांत हॉस्टल एवं ज्योलीकोट क्रिक के मध्य खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए ज्योलिकोट क्रिक की टीम ने 122 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में निशांत हॉस्टल की टीम ने एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

तीसरा मुकाबला कलयुगी बॉयज एवं कॉप्स इलेवन के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कलयुगी बॉयज ने 83 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में कॉप्स इलेवन ने 2 विकेट खोकर आसानी से मैच में जीत दर्ज की। निर्णायक सौरभ रावत, शनि शाह, वीरेंद्र बिष्ट, प्रमोद कुमार, संजय बर्गली तथा विपिन खुलबे रहे। संचालन अभिषेक आर्या ने किया। स्कोरर मोहित बिष्ट रहे।

इस दौरान आयोजक सचिव मोहित आर्या, हरीश राणा, मोहित शाह, कैलाश आर्या तथा अनिल कुमार उपस्थित रहे।

### गधेरे में अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी

**हल्द्वानी।** काठगोदाम क्षेत्र के गुलाबघाटी में गधेरे में अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला है। इससे क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है। पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया है। उसकी शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे है। प्रथम दृष्टया उसकी हत्या की आशंका जताई जा रही है। रविवार को काठगोदाम थाना क्षेत्र के गुलबाघाटी में एक गधेरे में आस-पास के लोगों को सड़क किनारे एक शव पड़ा हुआ मिला। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया और मौका मुआयना किया।

# हल्द्वानी बसअड्डे में अखंड रामायण के बाद भंडारा

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



रोडवेज स्टेशन परिसर स्थित मंदिर में अंखड रामायण का पाठ कराया गया। समापन के मौके पर विशाला भंडारा आयोजित किया गया। भंडारे में सैकड़ों यात्रियों व राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक कार्यक्रम में हल्द्वानी डिपो के लिपिक उमेश जोशी समेत अन्य रोडवेज कर्मियों का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर हल्द्वानी डिपो इंचार्ज इंदिरा भट्ट, मधुसूदन मिश्रा, रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष आन सिंह जीना, इंपलाइज यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश वर्मा, संजय वर्मा, केएस नेगी, कौशल जोशी आदि मौजूद थे।

# एमआईईटी कुमाऊं में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में जुटेंगे शिक्षाविद

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**




रामपुर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में एमआईईटी कुमाऊं कॉलेज द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉ तरुण सक्सेना, प्रबंध निदेशक डॉ बीएस बिष्ट, एसीआईसी देवभूमि फाउंडेशन के सीईओ डॉ कमल रावत और मीडिया हेड अजय चौधरी ने बताया की 11 मार्च से 12 मार्च तक दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा।

जिसका विषय सतत विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी रहेगा। डॉ तरुण सक्सेना ने बताया की कांफ्रेंस का आयोजन यूकॉस्ट और यूसर्क के तत्वाधान में किया जा रहा है। जिसमें कुमाऊँ यूनिवर्सिटी, नैनीताल, मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज, दिल्ली, उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड, एसीआईसी देवभूमि फाउंडेशन भी सहयोगी हैं। कांफ्रेंस में विभिन्न 8 विषयों पर लगभग 250 से अधिक शोधार्थी अपनी शोध को प्रस्तुत करेंगे। इस कांफ्रेंस का मुख्य उद्देश्य देश विदेश में चल रहे शोध को उत्तराखंड के सतत विकास से जोड़ना है। कॉन्फ्रेंस में साउथ अफ्रीका, चीन, जर्मनी, यूनाइटेड स्टेट, हंगरी आदि विदेश से शोध पत्र शामिल हैं। कॉन्फ्रेंस में कल उत्तराखंड से कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत , पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड एवं पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र भगत सिंह कोश्यारी, कुमाऊं यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. डी एस रावत, उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर ओ पी एस नेगी, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशक सीडी सुधा आदि मौजूद रहेंगे।